प्रसार भारती
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)
प्रादेशिक समाचार बुलेटिन
18.45 सोमवार दिनांक 20.10.2025

मुख्य समाचारः—

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज गोवा और कारवार तट पर आईएनएस विक्रांत पर नौसेना कर्मियों के साथ मनाई दीपावली।

- प्रधानमंत्री ने लोगों से त्योहार के दौरान स्वदेशी उत्पाद खरीदने का किया आह्वान।

- दीपों का पर्व दीपावली आज छत्तीसगढ़ सहित देशभर में हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है।

- भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण ने राज्य के सभी जिलों में विद्यार्थियों के अनिवार्य बायोमेट्रिक अपडेट के लिए शुरू किया विशेष अभियान।

<u>प्रधानमंत्री—नौसेनाकर्मी दीपावली</u>

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज गोवा और कारवार तट पर आईएनएस विक्रांत पर नौसेना कर्मियों के साथ दीपावली मनाई। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि तीनों सेनाओं के बीच असाधारण समन्वय ने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तान को घुटने टेकने पर विवश कर दिया था।

भारतीय वायु सेना द्वारा दिखाए गए अद्भुत कौशल ने भारतीय सेना की जांबाजी ने तीनों सेनाओं के जबरदस्त समन्वय ने ऑपरेशन सिंदूर में पाकिस्तान को इतनी जल्दी घुटने टेकने पर मजबूर कर दिया था।

प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत का पहला स्वदेशी विमान वाहक पोत आईएनएस विक्रांत, भारत के सशस्त्र बलों की क्षमता को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि आईएनएस विक्रांत केवल एक युद्धपोत नहीं, बल्कि यह इक्कीसवीं सदी के भारत की प्रतिभा, दृढ़ संकल्प और वैश्विक प्रभाव का प्रमाण है। उन्होंने कहा कि आईएनएस विक्रांत आत्मनिर्भर भारत और मेड इन इंडिया का विशाल प्रतीक है।

प्रधानमंत्री–स्वदेशी उत्पाद अपील

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने लोगों से स्वदेशी उत्पादों की खरीदी कर त्योहार मनाने का आह्वान किया है। श्री मोदी ने नागरिकों से त्योहारों पर खरीदे गए स्वदेशी उत्पादों को सोशल मीडिया पर साझा करने का भी आग्रह किया, ताकि दूसरे लोग भी स्वदेशी वस्तुएं खरीदने के लिए प्रेरित हों। माई जीओवी इंडिया के एक पोस्ट के जवाब में श्री मोदी ने लोगों से कहा कि भारत में बने उत्पाद खरीदें और गर्व से कहें कि ये स्वदेशी हैं। प्रधानमंत्री की यह अपील स्थानीय उद्योगों और कारीगरों को बढ़ावा देने के लिए जारी राष्ट्रव्यापी अभियान के बीच आई है, जो आत्मनिर्भरता और आर्थिक सशक्तिकरण का संदेश देता है। इस पहल के समर्थन में माई जीओवी इंडिया ने "दीपावली मनाएं और स्वदेशी को सशक्त बनाएं" शीर्षक से एक विशेष अभियान शुरू किया है, जिसमें नागरिकों से इस त्योहारी मौसम में केवल स्वदेशी उत्पाद खरीदने का संकल्प लेने का आह्वान किया गया है।

दीपावली

कार्तिक अमावस्या के दिन मनाया जाने वाला दीपों का पर्व दीपावली आज छत्तीसगढ़ सहित देशभर में हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है। यह त्यौहार अंधकार और निराशा को दूर कर लोगों के जीवन में सुख, शांति और समृद्धि लाने का प्रतीक है। दीपावली के मौके पर आज लोगों के घर, दीपों और बिजली के रंग–बिरंगे झालरों की रोशनी से जगमगा रहे हैं। ऐसी मान्यता है कि लंका पर विजय हासिल करने के बाद भगवान राम के

अयोध्या पहुंचने पर लोगों ने दीप जलाकर उनका स्वागत किया था। इस दिन की खुशी में यह पर्व मनाया जाता है।

दीपावली के अवसर पर इस समय छत्तीसगढ़ के विभिन्न शहरों और कस्बों में लोग लक्ष्मी पूजा की तैयारी कर रहे हैं। घर और आंगन को दीयों से रौशन कर दिया गया है। घरों के बाहर आकर्षक रंगोलियां भी सजाई गई हैं। बच्चों ने आतिशबाजी भी शुरू कर दी है।

दीपावली के मौके पर आज सुबह से ही लोग खरीदारी में लगे रहे। बाजारों में ग्राहकों की भीड़ देखने को मिल रही है। लोग, मिठाइयों, पटाखों और कपड़ों के अलावा मौसमी फलों की भी खरीदी कर रहे हैं। वहीं, पूजा के लिए देवी लक्ष्मी की आकर्षक मूर्ति और घरों को सजाने से संबंधित सामान भी खरीद रहे हैं। समृद्धि का प्रतीक मानी जाने वाली धान की बालियों से बने झालर की मांग भी काफी रही है। ज्योति पर्व दीपावली पर लोगों ने सोना–चांदी के जेवरातों के साथ बर्तन की जमकर खरीदारी की।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, उपराष्ट्रपति सी.पी. राधाकृष्णन, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, छत्तीसगढ़ के राज्यपाल रमेन डेका और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने लोगों को दीपावली की बधाई तथा शुभकामनाएं दी हैं।

<u>नेत्र चिकित्सक–सलाह</u>

इस बीच, नेत्र रोग चिकित्सकों ने दीपावली पर पटाखे जलाते समय आंखों की सुरक्षा के लिए विशेष सावधानी बरतने की सलाह दी है। डॉक्टरों ने खुले मैदान या खुले स्थान पर ही पटाखे जलाने को कहा है। पटाखे जलाते समय साथ में साफ पानी ढककर अवश्य रखें। इसके अलावा रोड पर या आवागमन वाले स्थानों पर पटाखे न फोड़े। आतिशबाजी करते समय सादा चश्मा पहने। साथ ही पटाखे जलाने के लिए लम्बी डंडी का इस्तेमाल करें। वहीं, डॉक्टरों ने पटाखे जलाते समय बच्चों पर खास ध्यान देने की बात भी कही है।

कोरिया–वोकल फॉर लोकल

'वोकल फॉर लोकल' अभियान को साकार करते हुए कोरिया जिले के स्व–सहायता समूहों की महिलाओं द्वारा दीपावली पर्व के मौके पर तैयार किए गए उत्पाद न केवल घरों को रोशन कर रहे हैं, बल्कि उनकी आर्थिक स्थिति को भी मजबूत बना रहे हैं। बैकुंठपुर विकासखंड के अंतर्गत 'उन्नति महिला संकुल संगठन' और 'देशभक्ति महिला संकुल संगठन' से जुड़ी महिलाओं ने विभिन्न रंगों से सजे आकर्षक मिट्टी के दीपक, डिजाइनर दीये, सजावटी झूमर, 'शुभ–लाभ' स्टीकर और अन्य घरेलू सजावट सामग्री तैयार की है। महिलाओं ने इन सजावटी उत्पादों की बिक्री के लिए बैकुंठपुर के मुख्य बाजार में विशेष स्टॉल भी लगाए हैं।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने लोगों से दीपावली के मौके पर स्थानीय उत्पादों की खरीदी कर 'वोकल फॉर लोकल' अभियान को मजबूती प्रदान करने की अपील की है।

मुख्यमंत्री–करमा महोत्सव

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय कल जशपुर जिले के कंडोरा गांव में अखिल भारतीय रौतिया समाज विकास परिषद द्वारा आयोजित सोहरई करमा महोत्सव में शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने कुनकुरी में बीस लाख रुपए की लागत से निर्मित रौतिया समाज के सामुदायिक भवन का लोकार्पण किया। साथ ही ग्राम पंचायत कण्डोरा में पचास लाख रुपए की लागत से बनने वाले रौतिया भवन निर्माण के लिए भूमिपूजन किया। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने कंडोरा गांव में करमा अखरा निर्माण के लिए पचास लाख और रायपुर में रौतिया भवन पहुंच मार्ग के लिए पच्चीस लाख रुपए प्रदान करने की घोषणा की। उन्होंने रौतिया समाज के वीर शहीद बख्तर साय और मुण्डल सिंह के छायाचित्रों पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया।

विद्यार्थी–बायोमेट्रिक अपडेट

भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण–यू.आई.डी.ए.आई. द्वारा राज्य के सभी जिलों में विद्यार्थियों के अनिवार्य बायोमेट्रिक अपडेट के लिए विशेष अभियान शुरू किया गया है। इसके तहत विद्यार्थियों के आधार कार्ड अपडेट करने के लिए यह अभियान इकतीस अक्टूबर तक चलाया जाएगा। यह अभियान केन्द्र सरकार और स्कूल शिक्षा तथा साक्षरता विभाग के सहयोग से यूडाईस प्लस एप्लीकेशन के माध्यम से संचालित किया जा रहा है, जिसके तहत प्रत्येक विद्यालय को विद्यार्थियों के आधार कार्ड में लंबित बायोमेट्रिक अपडेट की जानकारी उपलब्ध कराई गई है। अभियान के तहत सात से पंद्रह वर्ष आयु वर्ग के बच्चों के पहले बायोमेट्रिक अपडेट के लिए कोई शुल्क नहीं लिया जाएगा।

स्कूल शिक्षा विभाग के सचिव सिद्धार्थ कोमल सिंह परदेसी ने सभी कलेक्टरों को पत्र जारी कर अपने–अपने जिलों में इस कार्य को चरणबद्ध और व्यवस्थित तरीके से संचालित करने के निर्देश दिए हैं।

<u>जीएसटी–सुधार</u>

केन्द्र सरकार द्वारा जीएसटी में किए गए सुधार से छत्तीसगढ़ के लोगों को भी फायदा हो रहा है। मुंगेली जिले के किसान शिव प्रसाद का कहना है कि उन्हें नए ट्रैक्टर की खरीदी पर पचास से साठ हजार रुपए तक की छूट मिली है, जिससे वे काफी खुश हैं।

वहीं, दुर्ग जिले की सुपर्णा डे ने बताया कि जीएसटी में किए गए सुधारों की वजह से उन्हें रोजमर्रा के सामान सस्ते दामों पर मिल रहे हैं। उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार द्वारा त्यौहारों के बीच लिया गया यह फैसला काफी फायदेमंद है।

<u>जीपीएम–पशु/पक्षी प्रदर्शनी</u>

गौरेला पेंड्रा मरवाही जिले के ग्राम सेमरा में तेईस और चौबीस अक्टूबर को

जिला स्तरीय पशु पक्षी प्रदर्शनी और प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। पशु चिकित्सा विभाग ने सभी किसानों और पशुपालको से प्रतियोगिता में शामिल होने की अपील की है। जानकारी के अनुसार तेईस अक्टूबर को प्रदर्शनी के उद्घाटन अवसर पर किसानों के साथ परिचर्चा की जाएगी। वहीं, चौबीस अक्टूबर को पशु–पक्षी प्रदर्शनी और प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा।

<u>बटरफ्लाई और मोथ सर्वे</u>

प्रकृति और जैव विविधता संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए बटरफ्लाई और मोथ सर्वे का आयोजन छह से आठ नवंबर तक बारनवापारा वन्यजीव अभयारण्य में किया जाएगा। बलौदाबाजार के वनमण्डलाधिकारी धम्मशील गणवीर ने बताया कि तीन दिवसीय इस सर्वेक्षण का उद्देश्य तितलियों और पतंगों की प्रजातियों की पहचान, उनके प्राकृतिक आवास का अध्ययन तथा आम नागरिकों में जैव विविधता संरक्षण की भावना को बढ़ावा देना है।

<><><><><><><><>